दिन– मंगलवार  दिनांक– 03/10/2023

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।  अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक दल जात–पात के नाम पर लोगों को बांटने का काम कर रहे हैं।

02. राज्य सरकार ने जातीय गणना की रिपोर्ट पर चर्चा के लिए आज सर्वदलीय बैठक बुलाई।

03. राज्य शिक्षक पात्रता परीक्षा, एसटीईटी दो हजार तेईस का परिणाम आज जारी होगा।

04 और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, भोजपुर, कैमूर, गया, सुपौल और पूर्णियां समेत पंद्रह जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक दल जात–पात के नाम पर लोगों को बांटने का काम कर रहे हैं। बिहार में जाति आधारित गणना के आंकड़े जारी होने के कुछ समय बाद मध्य प्रदेश के ग्वालियर में एक जनसभा को संबोधित करते हुये श्री मोदी ने कहा कि विपक्ष पहले भी लोगों को जाति के आधार पर बांटने का कार्य कर रहा था और आज भी यही कर रहा है।

————————————————————

राज्य सरकार ने जातीय गणना रिपोर्ट पर चर्चा के लिए आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। श्री कुमार ने कहा कि इस बैठक में रिपोर्ट के सभी पहलू को रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी दलों से विचार–विमर्श कर आगे की रणनीति तय की जायेगी।

———बाईट———

————————————————————

राज्य सरकार की ओर से जारी किये गये जातीय गणना के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश की कुल जनसंख्या तेरह करोड़ सात लाख पच्चीस हजार तीन सौ दस है। प्रभारी मुख्य सचिव विवेक कुमार सिंह ने कल पटना में जातीय गणना के आंकड़े जारी करते हुये बताया कि इसमें सबसे अधिक अति पिछड़ा वर्ग की आबादी है। श्री सिंह ने बताया

कि यह वर्ग कुल जनसंख्या का छत्तीस दशमलव शून्य एक प्रतिशत है। वहीं, पिछड़ा वर्ग की आबादी सत्ताईस दशमलव एक दो प्रतिशत है। अनुसूचित जाति की जनसंख्या उन्नीस दशमलव छह पांच और अनुसूचित जनजाति की एक दशमलव शून्य छह प्रतिशत है। सामान्य वर्ग की आबादी पंद्रह दशमलव पांच दो प्रतिशत है। और ब्योरा हमारी संवाददाता से––

–––बाईट–––

जातीय आंकड़ों में कहा गया है कि राज्य में यादव जाति की आबादी सब से अधिक चौदह दशमलव दो छह प्रतिशत है। वहीं, रविदास की पांच दशमलव दो, कोईरी की चार दशमलव दो, ब्राह्मण की तीन दशमलव छह पांच और राजपूत जाति की आबादी तीन दशमलव चार पांच प्रतिशत है। इसी तरह मुसहर जाति की आबादी तीन दशमलव शून्य आठ, भूमिहार की दो दशमलव आठ छह, कुर्मी की दो दशमलव आठ, मल्लाह की दो दशमलव छह, बनिया की दो दशमलव तीन एक और कायस्थ जाति की आबादी शून्य दशमलव छह प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार राज्य की कुल आबादी का कुल इक्यासी दशमलव नौ नौ प्रतिशत हिन्दू धर्म को मानता है। मुस्लिम धर्मावलंबियों की संख्या सत्रह दशमलव सात प्रतिशत है। इसाई कुल आबादी के शून्य दशमलव शून्य पांच सात और सिख शून्य दशमलव शून्य एक एक प्रतिशत हैं। इसी तरह बौद्ध धर्म मानने वालों की संख्या शून्य दशमलव शून्य आठ पांच और जैन धर्म मानने वालों की संख्या शून्य दशमलव शून्य शून्य नौ प्रतिशत है। शून्य दशमलव एक दो सात प्रतिशत लोग अन्य धर्मों को मानते हैं। जबकि शून्य दशमलव शून्य शून्य एक छह प्रतिशत आबादी किसी धर्म को नहीं मानती है। समाचार कक्ष से कल्पना झा।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रभारी मुख्य सचिव श्री सिंह ने बताया कि राज्य में दो करोड़ तिरासी लाख चौवालीस हजार एक सौ साठ परिवार हैं जिनकी गणना की गयी।

–––बाईट–––

श्री सिंह ने बताया कि जातीय गणना का काम दो चरणों में पूरा किया गया और पूरी प्रक्रिया में विश्वसनीयता बनाये रखी गयी।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि जातीय गणना के आंकड़े आने के बाद सामाजिक न्याय की लड़ाई को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि आंकड़ों के आधार पर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को समाज की मुख्यधारा में शामिल करने में मदद मिलेगी।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि जातीय गणना की रिपोर्ट में कुछ भी नया नहीं है। संवाददाताओं से बातचीत में श्री सिन्हा ने कहा कि रिपोर्ट के अध्ययन के बाद ही इस मुद्दे पर विस्तार से कुछ कहा जा सकता है।

————————————————————

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा है कि पार्टी ने हमेशा से जातीय गणना का समर्थन किया है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री चौधरी ने कहा कि जारी रिपोर्ट में सिर्फ जाति के आंकड़े हैं। आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के आंकड़े सार्वजनिक नहीं किये गये हैं। उन्होंने रिपोर्ट को आधा–अधूरा बताते हुए कहा कि रिपोर्ट का पूरा अध्ययन करने के बाद इस मुद्दे पर भाजपा का विस्तृत बयान आयेगा।

———बाईट———

————————————————————

पूर्व मुख्यमंत्री और हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक जीतन राम मांझी ने जाति आधारित गणना की रिपोर्ट आने के बाद राज्य सरकार से न्याय संगत तरीके से आरक्षण लागू करने की मांग की है। श्री मांझी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से आबादी के प्रतिशत के हिसाब से सरकारी नौकरी और स्थानीय निकायों में आरक्षण लागू करने का आग्रह किया है।

————————————————————

राज्य शिक्षक पात्रता परीक्षा, एसटीईटी दो हजार तेईस का परिणाम आज घोषित किया जायेगा। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि परिणाम परीक्षा आयोजन के सत्रह दिनों के भीतर जारी किये जा रहे हैं। एसटीईटी परीक्षा चार सितम्बर से चौदह सितम्बर तक ऑनलाईन मोड में आयोजित की गयी थी। परीक्षा में लगभग चार लाख अभ्यर्थी शामिल हुये थे।

————————————————————

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता बनी हुई है। बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात से अगले चौबीस घंटों के दौरान अधिकांश स्थानों पर भारी वर्षा की सम्भावना है। मौसम विभाग ने कहा है कि इस अवधि में पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, भोजपुर, कैमूर, नवादा, गया, सुपौल और पूर्णियां समेत पंद्रह जिलों में कुछ स्थानों पर भारी

बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि इस दौरान तेज हवा के साथ वज्रपात की भी आशंका है।

---बाईट---

जानकारों का कहना है कि हथिया नक्षत्र में हो रही वर्षा से खेतों में नमी बढ़ गयी है। कृषि वैज्ञानिक और आत्मा के उप परियोजना निदेशक वृजेन्द्र मणी ने कहा है कि इस बारिश से धान की फसलों को लाभ पहुंचेगा।

---

राज्य में पिछले चौबीस घंटों के दौरान एक सौ इक्यावन नये डेंगू मरीजों की पहचान हुई है। राज्य स्वास्थ्य समिति के अनुसार डेंगू मरीजों की संख्या बढ़कर छह हजार से अधिक हो गई है। सबसे अधिक मुंगेर से तीस नए मामले मिले हैं। वहीं, भागलपुर से अट्ठाईस, सारण से पन्द्रह और वैशाली से आठ लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से डेंगू के लक्षण मिलते ही नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क करने की अपील की है।

---

पटना नगर निगम के सफाईकर्मियों की हड़ताल आज बारहवें दिन भी जारी है। हड़ताल के कारण निगम क्षेत्र में साफ–सफाई की व्यवस्था प्रभावित हो रही है। शहर के गल्ली–मोहल्लों में कचरे के ढ़ेर से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही बीमारियों की भी आशंका बढ़ गयी है। इस बीच, महापौर और हड़ताली कर्मियों के बीच कल हुई वार्ता बेनतीजा रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार निगम प्रशासन चतुर्थ वर्गीय कर्मियों की मांग पर सहमत नहीं हुआ है। हड़ताली कर्मचारियों की मांग है कि नौकरी स्थायी नहीं करने की स्थिति में उन्हें तीस दिन का वेतन और प्रतिमाह चार दिन की छुट्टी दी जाये।

---

चीन के हांगझू में एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। पदक तालिका में भारत तेरह स्वर्ण, चौबीस रजत और तेईस कांस्य पदकों के साथ कुल साठ पदक लेकर चौथे स्थान पर है। चीन पहले, जापान दूसरे और कोरिया तीसरे स्थान पर है। इधर, भारतीय खिलाड़ी आज कई खेल स्पर्धाओं में अपना पदक सुरक्षित करेंगे। आज क्रिकेट में भारत और नेपाल के बीच क्वार्टर फाइनल मैच जारी है। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित बीस ओवर में नेपाल को दो सौ तीन रन का लक्ष्य दिया है।

---

मलेशिया में आयोजित वर्ल्ड आर्म रेसलिंग यानि पंजा लड़ाओं स्पर्धा में नालंदा की मृणालिनी सिंह ने विश्व में चौथा स्थान प्राप्त किया है। इस स्पर्धा में विश्व के इकतीस देशों ने भाग लिया था। चैंपियनशिप की मेडल टैली में भारत ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने जातीय गणना की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान अखबार लिखता है– आजादी के बाद देश में पहली बार जाति आधारित सर्वे के आंकड़े जारी किये गये। बिहार में पिछड़े तिरसठ फीसदी से ज्यादा।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– तेरह करोड़ से अधिक है बिहार की जनसंख्या। अखबार लिखता है– देश में ऐसी गणना कराने वाला पहला राज्य बना बिहार।

दैनिक भास्कर ने इस खबर को अपना शीर्षक बनाते हुये लिखा है– तेरह दशमलव सात करोड़ की आबादी में सबसे अधिक यादव चौदह दशमलव दो छह प्रतिशत, दूसरे पर पासवान तो तीसरे पर रविदास।

आज अखबार लिखता है– पिछड़ों को लेकर और मुखर होगी भाजपा।

प्रभात खबर का शीर्षक है– सिपाही बहाली में हुई इकसठ एफआईआर को ईओयू ने किया टेकओवर।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक दल जात–पात के नाम पर लोगों को बांटने का काम कर रहे हैं।

02. राज्य सरकार ने जातीय गणना की रिपोर्ट पर चर्चा के लिए आज सर्वदलीय बैठक बुलाई।

03. राज्य शिक्षक पात्रता परीक्षा, एसटीईटी दो हजार तेईस का परिणाम आज जारी होगा।

04 और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, भोजपुर, कैमूर, गया, सुपौल और पूर्णियां समेत पंद्रह जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।